एक नजर में

## सर्व वेलफेयर कमेटी ने गूंजाए देशभक्ति का जयघोष



इंदौर. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था सर्व वेलफेयर कमेटी ने शुक्रवार को शहरभर में भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए. माणिकबाग स्थित हेड ऑफिस के साथ ही राजवाड़ा, पलासिया चौराहा और अन्य प्रमुख स्थलों पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में नागरिक, छात्र और युवा शामिल हुए. राष्ट्रगान की गूंज और तिरंगे के लहराते ही पूरे माहौल में देशभक्ति का उत्साह छा गया. इस अवसर पर शहर क़ाज़ी डॉ. इशरत अली ने ध्वजारोहण कर उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि आज़ादी करोड़ों लोगों के बलिदान की देन है. इसे बनाए रखना और मजबूत करना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है. सर्व वेलफेयर कमेटी के प्रवक्ता अनीस कादरी ने बताया कि संस्था का उद्देश्य ऐसे आयोजनों के जरिए राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सदभाव और भाईचारे का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है.

## इंदौर में चार नाबालिग बच्चियां संदिग्ध हालात में लापता

इंदौर. शहर में स्वतंत्रता दिवस के दिन अलग-अलग इलाकों से चार नाबालिग बच्चियों के अचानक लापता होने की घटनाएं सामने आई हैं. परिजनों ने थानों में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी बच्चियों को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया. पुलिस ने चारों ही मामलों में अपहरण की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पहला मामला थाना एरोड्रम क्षेत्र का है. यहां कालानी नगर निवासी दिनेश मालवीय ने रिपोर्ट लिखाई कि 15 अगस्त की रात करीब 8 .30 बजे उनकी बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया. दूसरी शिकायत थाना राजेंद्र नगर में दर्ज हुई. गिरीराज विला निवासी मीना चौधरी ने बताया कि उनकी बेटी शाम करीब आठ बजे अचानक घर से बिना बताए कहीं चली गई. परिजनों को शंका है कि कोई अज्ञात युवक उसे बहला-फुसलाकर ले गया है. तीसरी घटना थाना खजराना क्षेत्र की है. तपेश्वरी बाग निवासी माधुरी राठौर ने रिपोर्ट लिखाई कि उनकी नाबालिग बेटी को 13 अगस्त की अलसुबह करीब 2 .30 बजे कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया. चौथा मामला थाना बाणगंगा का है, कुमेड़ी गांव निवासी ममता वर्मा ने पुलिस को बताया कि 15 अगस्त की दोपहर 2 बजे के करीब उनकी बेटी घर से लापता हो गई. परिजनों को संदेह है कि कोई बदमाश उसे बहला-फुसलाकर ले गया. पुलिस ने चारों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर सीसीटीव फुटेज के आधार पर बच्चियों की तलाश शुरू कर दी है.

## सूने घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवर-नकदी पर किया हाथ साफ

इंदौर. राऊ क्षेत्र में चोरों ने एक सूने घर को निशाना बनाकर लाखों के जेवरात और नकदी चुरा ली. घटना अलसुबह 3 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है. फरियादी अमित पंडित, निवासी गणेश विहार कॉलोनी ने पुलिस को शिकायत दी कि अज्ञात बदमाश घर की खिड़की की ग्रिल तोड़कर भीतर घुसे और अलमारी व पेटी का ताला तोड़कर जेवर व नगदी ले गए. घर से चोरी गए सामान में एक सोने की चैन, जेंट्स की सोने की अंगूठी, दो जोड़ी चांदी की पायजेब, एक सोने का मंगलसूत्र, दो सोने की चूड़ियां, एक चांदी का कड़ा, एक जोड़ी सोने के टॉप्स, एक जोड़ी सोने की बालियां और करीब 30 हजार रुपए नकद शामिल हैं. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. कॉलोनी में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है.

## पान मसाले के पैकेट को लेकर दो पक्षों में मारपीटॉ

इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में पान मसाले के पैकेट को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया. महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास राजा पान कार्नर पर 15 अगस्त की शाम ग्राहक और दुकानदार आपस में भिड़ गए. फरियादी संतोष अधिकारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने पान मसाले (विमल) के पैसे पहले ही दे दिए थे, लेकिन दुकानदार राजकुमार वर्मा ने दोबारा पैसे मांगे. जब उसने इंकार किया तो दुकानदार ने गाली-गलौज कर डंडे से मारपीट की, जिससे उसके पैर और सिर पर चोट आई. दूसरी ओर दुकानदार राजकुमार वर्मा ने भी शिकायत दर्ज कराई कि संतोष पैसे दिए बिना ही झगड़ने लगा और गाली-गलौज कर हाथापाई की. पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## होलकर विज्ञान महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया



इंदौर. शासकीय होलकर विज्ञान महाविद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस स्थानीय विधायक गोलू शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाया गया. विधायक ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए चौबीसों घंटे राष्ट्रीय भावना में कार्य करना चाहिए. उन्होंने सभी से कर्तव्य और अधिकारों के प्रति सजग रहकर राष्ट्रसेवा करने का आह्वान किया. कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मेजर अनामिका जैन ने संस्थान की उपलब्धियां गिनाई और आगे भी प्रगति की प्रेरणा दी. इस मौके पर जनभागीदारी अध्यक्ष डॉ. दिनेश खंडेलवाल, शासी निकाय सदस्य रमाकांत गुप्ता, मेजर डॉ. संजय व्यास, अनुपम शर्मा, सीमावती सिसोदिया, डॉ. नागेश डगांवकर, मनोज मिश्र और प्रदीप शर्मा मौजूद रहे. समारोह में एनएसएस और एनसीसी के उत्कृष्ट कैडेट्स को सम्मानित किया.

## घर के सामने वाहन खड़ा करने को लेकर विवाद

इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के दिन घर के सामने वाहन खड़ा करने की बात पर दो पक्षों में विवाद हो गया. विवाद इतना बढ़ा कि बुजुर्ग व्यक्ति से डंडे से मारपीट की गई और बीच-बचाव करने आए उसके बेटे को चाकू मारकर घायल कर दिया. 64 वर्षीय फरियादी शरीफ निवासी बिजलपुर नांगर कोल्ड स्टोर के पीछे ने पुलिस को बताया कि उन्होंने मोहल्ले के ही अनवर उर्फ नजर मंसुरी से कहा कि उनके घर के सामने आयशर वाहन खड़ा न करें. इसी बात को लेकर अनवर, उसके बेटे वसीम और इमरान तथा पोता आसीम गाली-गलौज पर उतर आए. जब उन्होंने विरोध किया तो इमरान और आसीम ने डंडे से हमला कर सिर और सीने पर चोट पहुंचाई. इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे शरीफ के बेटे अय्यूब मंसुरी को चाकू मार दिया, जिससे उसकी दाहिनी हाथ की उंगली में गंभीर चोट आई. घटना में फरियादी की पत्नी सलमा बी भी बीच बचाव में लगीं. पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धारदार हथियार से हमला करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, युवक घायल

इंदौर. गांधी नगर थाना क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के दिन लापरवाही से चल रहे डंपर ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में युवक घायल हो गया जबकि उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई. फरियादी रविंद्र पुरी, निवासी अरिहंत नगर ने पुलिस को बताया कि 15 अगस्त की सुबह करीब 11 बजे वह अपने दोस्त 32 वर्षीय प्रवेश विश्वकर्मा के साथ गोम्मटगिरी चौराहा के पास से गुजर रहा था. तभी डंपर नम्बर एमपी 04 जेडएस 8839 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी.

# जन्मदिन से एक दिन पहले मां ने की बेटी की हत्या

### पति ने पत्नी को बताया मानसिक रूप से अस्वस्थ

नव भारत न्यूज

**इंदौर. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के नायता मुंडला इलाके में शुक्रवार शाम दर्दनाक वारदात हुई. दो साल की मासूम बच्ची की हत्या उसी की मां ने कर दी. पिता जब काम से लौटे तो बेटी खून से लथपथ बिस्तर पर पड़ी थी. बाहर खेल रहे छह वर्षीय बेटे ने बताया कि मां ने बहन के सिर पर डंडा मारा और घर का गेट बंद कर दिया, मामले में पुलिस जांच कर रही है.**

मृतक बच्ची का नाम राधिका है, उसके पिता रवि कचनारे ने पुलिस को बताया कि वे सुबह काम पर गए थे और शाम करीब छह बजे लौटे तो



**सिर पर गहरी चोट**

मामले में एडिशनल डीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि बच्ची के सिर पर गहरी चोट थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. मां के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच में लिया गया है.

यह भयावह नजारा देखा. शनिवार को राधिका का पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराया, संयोग से उसी दिन उसका जन्मदिन भी था, जिसके लिए परिवार चार दिन से तैयारी कर रहा था. घर पर केक काटने का प्लान भी बना था. घटना के समय घर में आरोपी महिला बीजल और बेटा रोहित ही मौजूद थे. पिता ने पत्नी से पूछा तो उसने पहले कहा कि मैंने कुछ नहीं किया, कोई और मारकर चला गया. रवि ने पुलिस को यह भी बताया कि बीजल पिछले साल से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी. मकान मालिक ने तुरंत पुलिस को सूचना दी.

# इंदौर से पुरी जा रही कार डिवाइडर तोड़कर ट्रक से भिड़ी, 6 लोगों की मौत

- 15 अगस्त की सुबह हुआ भीषण हादसा
- इंदौर के चार, एक रतलाम एक ओड़िसा के एक युवक की मौत

नव भारत न्यूज

**इंदौर. स्वतंत्रता दिवस की सुबह राजनांदगांव जिले में नेशनल हाईवे पर हुए भीषण हादसे ने कई परिवारों को उजाड़ दिया. इंदौर से जगन्नाथ पुरी जा रही कार अचानक डिवाइडर तोड़ते हुए सामने से आ रहे ट्रक से जा टकराई. जोरदार टक्कर में कार सवार छह युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी हालत में अब सुधार है. मृतकों में चार इंदौर के एक रतलाम व एक ओड़िशा निवासी है. सभी इंदौर में जियो इंश्योरेंस कंपनी में कार्यरत थे.**




प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा शुक्रवार सुबह करीब 5.30 बजे ग्राम सड़क चिरचारी के पास हुआ. बागनदी थाना प्रभारी विजय मिश्रा ने बताया कि इंदौर से आ रही एक आर्टिका कार नम्बर एमपी 09 डीएच 8684 से सात युवक पुरी दर्शन के लिए रवाना हुए थे. चालक को नींद की झपकी आने से कार बेकाबू होकर डिवाइडर पार कर दूसरी ओर पहुंची और रायपुर से नागपुर जा रहे ट्रक से टकरा गई. मृतकों की पहचान 28 वर्षीय आकाश मौर्या निवासी फोनिक्स टाउन इंदौर, 33 वर्षीय गोविंद निवासी जावरा तहसील देवास, 26 वर्षीय अमन राठौर निवासी गांधीनगर इंदौर, 26 वर्षीय सौरभ यादव निवासी हातोद इंदौर, 24 वर्षीय अभिषेक पाटीदार निवासी धार और 38 वर्षीय संग्राम केशरी सेती निवासी ओड़िशा के रूप में हुई है. गंभीर रूप से घायल चालक सागर यादव निवासी गांधी नगर इंदौर को पहले छुरिया अस्पताल और फिर राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज भेजा जहां उसका इलाज किया जा रहा हैं, यहां के डॉक्टरों का कहना है कि अब उसकी हालत खतरे से बाहर है. हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए छुरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. वही एएसपी राहुल देव शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है.

# 40 करोड़ के बोगस बिल का पर्दाफाश

- डीआरआई की मुंबई यूनिट ने इंदौर के ओमकार ट्रेडर्स पर की बड़ी कार्रवाई, दुबई के रास्ते पाकिस्तान से आया माल

नव भारत न्यूज

**इंदौर. डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की मुंबई यूनिट ने शनिवार को इंदौर के सियागंज स्थित ओमकार ट्रेडर्स पर छापा मारते हुए करोड़ों के बोगस बिलिंग रैकेट का भंडाफोड़ किया. जांच में सामने आया कि पाकिस्तान से दुबई के रास्ते खारक ड्राई फ्रूट मंगाकर उसे वैध बताने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए थे, मामले में जांच की जा रही है.**

सूत्रों के मुताबिक यह कारोबार जून महीने से सक्रिय था. इसी दौरान डीआरआई ने 1115 मीट्रिक टन माल से भरे 39 कंटेनर जब्त किए थे. शुरुआती जांच में करीब 40 करोड़ रुपए के बोगस बिल तैयार कर अवैध रूप से आयात-निर्यात का खेल सामने आया है. डीआरआई अधिकारियों का मानना है कि दुबई के रास्ते पाकिस्तान से खारक मंगवाने का मकसद न केवल टैक्स चोरी करना था, बल्कि इसके जरिए मनी लॉन्ड्रिंग और दूसरे आर्थिक अपराधों की भी आशंका है. छापे के बाद ओमकार ट्रेडर्स से जुड़ी फाइलें, दस्तावेज और कंप्यूटर सील कर जांच के लिए जब्त किए हैं. जांच एजेंसी अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य कारोबारियों और कंपनियों की तलाश कर रही है. शुरुआती अनुमान के मुताबिक यह फर्जीवाड़ा और भी बड़ा हो सकता है.

# शिक्षिका से संबंध छुपाने के लिए पत्नी की हत्या

- मासूम बेटे के सामने पति ने उतारा मौत के घाट
- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र में शाम एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई. बस चालक ईश्वर ने अपनी 35 वर्षीय पत्नी रानी को तीन साल के मासूम बेटे के सामने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया. पत्नी का कसूर सिर्फ इतना था कि वह पति के एक शिक्षिका से चल रहे अफेयर का विरोध कर रही थी.**



घटना उस समय हुई जब रानी अपने बेटे को स्कूल से लेकर घर लौट रही थी. तभी ईश्वर हेलमेट पहनकर दोस्त के साथ बाइक से आया और पत्नी पर गोली चला दी. रानी सड़क पर गिर पड़ी और मौके पर ही दम तोड़ दिया. बच्चे ने पुलिस को बताया पटाखे जैसी आवाज आई और मम्मी गिर गई. रानी आर्य पब्लिक स्कूल में आया का काम करती थी, जबकि उसका तीन वर्षीय बेटा वहीं पढ़ता है. पुलिस जांच में सामने आया कि ईश्वर का एक निजी स्कूल की शिक्षिका तौसिबा से प्रेम संबंध था. रानी इसका विरोध करती थी, जिस पर आए दिन विवाद होते थे. राखी के दिन ईश्वर ने पत्नी से कहा था कि तीन दिन में फाइल निपटा दूंगा, उसी के बाद से उसने हत्या की साजिश रच ली थी. वारदात के बाद आरोपी ने रानी को एमवाय अस्पताल लाकर हादसा बताने की कोशिश की, लेकिन पोस्टमार्टम में गोली का जख्म सामने आने पर उसका राजफाश हो गया. पूछताछ में ईश्वर टूट गया और जुर्म कबूल कर लिया. गिरफ्तारी के वक्त वह कार में शराब पीते मिला. पुलिस अब उसके सहयोगी की तलाश कर रही है. रानी की शादी को 11 साल हुए थे. उसका मायका शिप्रा में है. वह दो बच्चों 7 वर्षीय बेटी मीनाली और 3 वर्षीय बेटे गिरिराज की मां थी. मासूमों के सिर से उनकी मां का साया हमेशा के लिए उठ गया.

# विवाद के बाद महिला ने खाई जहरीली दवा, मौत

*जांच में जुटी पुलिस*

नव भारत न्यूज

**इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में पति-पत्नी के विवाद के बाद एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई. गौरी नगर में रहने वाली 30 वर्षीय सोनम पित कैलाश सूर्यवंशी को शुक्रवार को हालत बिगड़ने पर परिजन निजी अस्पताल ले गए थे, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.**

हीरानगर थाना प्रभारी पीएल शर्मा ने बताया कि सोनम ने गेहूं में रखने वाली दवाई खाई थी. सोनम अपने पति और दो बच्चों के साथ रहती थी. घटना के समय उसका पति



होटल में काम पर गया हुआ था. बेटे ने पिता को फोन कर बताया कि मां ने कुछ खा लिया है, सूचना मिलते ही महिला का भाई अजय मौके पर पहुंचा और बहन को अस्पताल ले गया, लेकिन जान नहीं बच सकी. शनिवार को एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम

**रोजाना होता था विवाद**

अजय के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से दोनों के बीच रोजाना विवाद हो रहा था. इधर, पुलिस का कहना है कि पति के बयान लिए गए हैं, जिसमें उसने विवाद की बात से इनकार किया है. फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर पूरे मामले की जांच कर रही है.

कर मामले को जांच में लिया. वहीं सहायक उपनिरीक्षक देवराज सिंह बघेल ने बताया कि घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है. महिला के पति ने कुछ साल पहले मकान बनाने के लिए 9 लाख रुपए का लोन लिया था. घटना वाले दिन वह सुबह चाय-नाश्ता करने के बाद काम पर निकला था. वहीं महिला के भाई अजय ने पुलिस को बताया कि घटना से पहले पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था. भांजे ने भी उन्हें बताया कि झगड़े के बाद पिता घर से निकलते समय कह गए थे 'गोली खाकर मर जाना'.


# नकली टीआई बनकर राजा रघुवंशी के घर पहुंचा ठग

### दोस्त बताकर करने लगा पूछताछ

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** राजेंद्र नगर इलाके में गुरुवार रात एक शख्स खाकी वर्दी पहनकर ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी के घर पहुंचा और खुद को टीआई बताकर परिवार से पूछताछ करने लगा. राजा के पिता से बातचीत के दौरान मां ने मोबाइल पर बेटों को सूचना दी. जब राजा के भाई विपिन और सचिन घर पहुंचे तो वर्दीधारी व्यक्ति खुद को राजा का मित्र बताने लगा. शक गहराने पर विपिन ने उससे पहचान पत्र मांगा, लेकिन वह घबरा गया. देर रात पुलिस को सूचना दी गई. राजेन्द्र नगर पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

पुलिस उससे थाने लाकर पूछताछ की जहां उसकी पहचान राजस्थान के रतनगढ़ निवासी बजरंग लाल जाट के रूप में हुई. शुरुआती पूछताछ में उसने रेलवे में पदस्थ होने और उज्जैन में पोस्टिंग का दावा किया. साथ ही बताया कि उसकी मुलाकात 2021 में महाकाल मंदिर में राजा से हुई थी. लेकिन विपिन ने इस दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि उस समय कोरोना लॉकडाउन था और राजा कहीं नहीं



जाता था. आईडी कार्ड मांगने पर बजरंग कोई सबूत पेश नहीं कर सका और बात टालने लगा. बाद में उसने कहा कि वह राजा की मौत का दुख साझा करने आया है. पुलिस जांच में सामने आया कि बजरंग न तो पुलिसकर्मी है और न ही रेलवे में कार्यरत. उसके पास किसी तरह का आधिकारिक दस्तावेज भी नहीं था. राजेंद्र नगर थाना प्रभारी नीरज बिरथरे ने बताया कि सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने ठगने के इरादे से आने की बात कबूल की.

सोशल मीडिया पर राजा की मौत की खबर देखने के बाद उसने यह योजना बनाई थी. पूछताछ मे यह भी पता चला कि वह पहले भी नकली पुलिसकर्मी बनकर वारदात कर चुका है. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.

# युवती को जबरन बेचा, पुलिस ने तस्करी गिरोह पकड़ा

- सांवेर में एक लाख रुपए में किया था सौदा
- मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** मानव तस्करी के संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए सांवेर पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया. आरोपियों ने खंडवा की एक युवती को जबरन एक लाख रुपए में बेच दिया था. मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने युवती को मुक्त कराकर गिरोह के कई सदस्यों को दबोच लिया. थाना प्रभारी जीएस मोहबिया ने बताया कि 13 अगस्त की शाम सूचना मिली थी कि आजाद पेट्रोल पंप के पास कुछ लोग युवती को जबरदस्ती ले जा रहे हैं. पुलिस मौके पर पहुंची तो जांच में मानव तस्करी का मामला सामने आया. पीड़िता खंडवा की रहने वाली है और घरों में काम करती थी. वह अपनी मुंहबोली बुआ अक्का जगदालन के साथ रह रही थी. अक्का ने ही परिचितों पिंकी बाई, दलाल जसवंत पिता मांगीलाल मैहर निवासी हरदा और संतोषी बाई पति शंकर निवासी आनंदी नगर के साथ मिलकर युवती को उज्जैन जिले के सलामदा निवासी तूफान सिंह पिता मोढ़सिंह राजपूत को बेच दिया. आरोपियों ने सौदे के लिए फर्जी नोटरी तक तैयार कराई थी. पूछताछ में सामने आया कि युवती को विवाह के नाम पर बहलाकर अपहरण किया और फिर पैसे लेकर सौंप दिया.

एक नजर में — रिहाई से पहले जेल में सीखी बढ़ईगिरी, बागवानी, हैंडलूम और खाना बनाने की कला

# 15-20 साल बाद जेल की सलाखों से मिली आज़ादी, हुनर के साथ घर लौटे 10 बंदी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. केंद्रीय जेल से शुक्रवार को 10 बंदी अपनी सजा पूरी कर रिहा हुए, जिनमें एक महिला बंदी भी शामिल है. लंबे इंतज़ार के बाद जब वे खुले आसमान के नीचे पहुंचे, तो आंखों में घर लौटने की चमक और दिल में नए जीवन का संकल्प साफ झलक रहा था.**

जेल प्रशासन ने रिहाई के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित कर बंदियों को अपराध से दूरी बनाए रखने और जेल में सीखे कौशल को रोज़गार में बदलने की प्रेरणा दी. रिहा हुए बंदियों में कोई 15 साल तो कोई 20 साल तक सलाखों के पीछे रहा. रिहा हुए बंदियों में निहाल सिंह पिता कालू सिंह ने नव भारत को बताया कि जेल में बढ़ईगिरी सीखी. रिहाई से पहले उन्होंने





कहा गलतियों ने मुझे जिंदगी से बहुत दूर कर दिया था, लेकिन यहां रहकर मैंने काम करना सीखा. अब गांव लौटकर फर्नीचर का काम करूंगा. वहीं विजय पिता कमल कुशवाह ने बागवानी में प्रशिक्षण लिया. रिहाई के दौरान उनकी भी आंखें भर आईं उन्होंने भरे गले से कहा कि 15 साल बाद खेत की मिट्टी को फिर से छू पाऊंगा, जेल में रहकर सिखाया है कि मेहनत से ही सम्मान मिलता है. वहीं भुवान सिंह पिता करण सिंह ने बताया कि उन्हों ने हैंडलूम पर कपड़ा बुनना सीखा. उन्होंने कहा यहां सीखा हुनर अब मेरे परिवार का सहारा बनेगा. बाहर जाकर अपना छोटा-सा बुनाई केंद्र खोलना चाहती हूं. दिनेश पिता सुमला ने खाना बनाने में महारत पाई. मुस्कुराते हुए बोले अब अपराध नहीं, सिर्फ किचन में हाथ चलाऊंगा. होटल में नौकरी ढूंढूंगा और परिवार का सहारा बनूंगा. इसके अलावा जाहिद दर्फ भैय्या पिता अहमद हमीद, सचिन उर्फ सलमान उर्फ गोलू पिता विजय चौहान, रतन सिंह पिता बूचर, पूरण उर्फ पूरण सिंह पिता लखन सिंह, अम्बाराम पिता धनिया के साथ ही सुशीला बाई पति बाबूलाल सोनी ने भी जेल में रह कर अन्य पढ़ाई लिखाई के साथ अन्य कौशल शिक्षा भी ली तथा जेल में पढ़ाई-लिखाई की सुविधा का भी कई बंदियों ने लाभ उठाया किसी ने पहली बार अक्षर ज्ञान हासिल किया, तो किसी ने अधूरी पढ़ाई पूरी की. इस मौके पर जेल अधीक्षक अलका उद्देश्य सिर्फ सजा पूरी करवाना नहीं, बल्कि बंदियों को सुधार के रास्ते पर ले जाना है, ताकि वे समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें. अब सभी बंदी अपने परिवारों के पास लौट रहे हैं. उम्मीद है कि जेल में सीखे गए कौशल और बदले हुए नजरिये के साथ वे समाज में नई पहचान बनाएंगे.